Regarding alleged Bangladeshi infiltration in Jharkhand-laid

श्री मनीष जायसवाल (हज़ारीबाग) : बांग्लादेशी लोगों की लगातार घुसपैठ से झारखड़ का आदिवासी समुदाय खतरे में है । आए दिन बांग्लादेशी लोग घुसपैठ करके मासूम आदिवासी समुदाय की लड़कियों महिलाओं को बहला फुसलाकर जबरन शादी करके भारत की फर्जी नागरिकता हासिल कर उनके घर व खेत पर कब्जा कर पांव पसार रहे है । क्योंकि इन पर राज्य सरकार का ध्यान नहीं है इसलिए ये लोग अपने मन मानी कर आदिवासी समुदाय के लिए खतरा बने हुए हैं,और झारखंड की राजनीतिक भविष्य में बहुत ही बड़ा हस्तक्षेप कर रहे हैं । यदि राज्य सरकार इस मुद्दे पर ध्यान नहीं देना चाहती तो केंद्र से मदद क्यों नही ले रही । उपरोक्त विषय पर ध्यान दिया जाए ।